MA ऊर्जा सहायता कार्यक्रम

आय-पात्र निवासियों के लिए

यदि आप मेसाचुसेट्स के आय-पात्र (इनकम एलिजिबल) निवासी हैं तो ऐसे कई कार्यक्रम हैं जो आपको आपके ऊर्जा बिलों को प्रबंधित करने में सहायता कर सकते हैं।

योग्यता कैसे अर्जित करें

इसके योग्य (एलिजिबल) बनने के लिए आपकी घरेलू सालाना इनकम, नीचे दिए गए चार्ट में शामिल राशियों में या इससे कम होनी चाहिए। ऊर्जा सहायता कार्यक्रम के आवेदकों को अपनी स्थानीय सामुदायिक एजेंसी से संपर्क करना चाहिए। आपकी आय पात्रता (इनकम एलिजिबिलिटी) की पुष्टि के लिए जरूरी दस्तावेजों के बारे में वे आपको सलाह देंगे।

2019 आय पातजाता रशियां

परिवार में सदस्यों की संख्या	वार्षिक आय
1	$35,510
2	$46,437
3	$57,363
4	$68,289
5	$79,215
6	$90,141
7	$92,190
8	$94,239

अपनी सामुदायिक कार्रवाई एजेंसी का पता लगाने के लिए,
hedfuel.azurewebsites.net पर जाएँ या **866-537-7267** पर कॉल करें।

उपलब्ध कार्यक्रम

ईंधन सहायता

ईंधन सहायता (LIHEAP–निम्न आय घरेलू ऊर्जा सहायता कार्यक्रम के नाम वाली) आपको -चाहे आप घर के मालिक हों या किराएदार- अपने प्राइमरी हीटिंग बिल के भुगतान में सहायता करती है। आप अपने घर को चाहे बिजली, प्राकृतिक गैस, तेल, प्रोपेन, केरोसिन या लकड़ी से गर्म रखते हों, यह कार्यक्रम आपके यूटिलिटी या ईंधन डीलर को सीधे भुगतान करता है । यदि आप एक किराएदार हैं जिसके मालिक हीट के लिए भुगतान करते हैं तो भी आप अपने किराए के हिस्से को गर्म रखने में सहायता के लिए LIHEAP से भुगतान हासिल करने के योग्य हो सकते हैं।

LIHEAP और अतिरिक्त लाभकारी कार्यक्रमों के बारे में और जानकारी के लिए,
benefits.gov/benefits/benefit-details/1576 पर जाएँ।

प्राकृतिक गैस या बिजली दरों में छूट

राज्य द्वारा रेगुलेट की गयी सभी मेसाचुसेट्स प्राकृतिक गैस तथा बिजली यूटीलिटीज घरेलू छूट दरों का प्रस्ताव करती हैं। ईंधन सहायता हासिल करने वाले परिवार अपने आप इनरोल किए जाते हैं। यदि आप TANF, EAEDC, SNAP, MassHealth, WIC, या दूसरे आय संबंधित कार्यक्रम के योग्य हैं तो आप भी योग्य हैं, लेकिन आपको अपनी यूटिलिटी को सीधे आवेदन करना होगा।

भुगतान योजनाएं और/या बकाया (Arrearage) प्रबंधन कार्यक्रम

मेसाचुएट्स प्राकृतिक गैस और विद्युत यूटीलिटीज आपके बिल के बकाया हिस्से का थोड़ा-थोड़ा करके भुगतान करने के लिए आपके साथ काम करेगी। यूटीलिटीज आपको बकाया (Arrearage) प्रबंधन कार्यक्रम भी प्रदान करती हैं जिसके द्वारा यदि आप समय से बजट भुगतान करें तो पिछली देय राशियों को माफ किया जा सकता है। इनरोल होने के लिए कृपया अपनी यूटीलिटी से सीधे संपर्क करें।

ऊर्जा एफिशिएंसी और वेदराइजेशन सहायता कार्यक्रम

आपके ऊर्जा बिलों को कम करने में सहायता के लिए मेसाचुसेट्स प्राकृतिक गैस और विद्युत यूटीलिटीज तथा केप लाइट कॉम्पैक्ट एक मुफ्त कार्यक्रम पेश करते हैं। यह सब कुछ संभावित ऊर्जा बचतों को निर्धारित करने के लिए आपके घर के मुफ्त ऊर्जा मूल्यांकन से शुरु होता है। यदि आपके मौजूदा उपकरण चालू हालत में हैं और अक्षम पाए जाते हैं तो आपको ऊर्जा की बचत करने वाले लाइट बल्ब, पानी संरक्षण सामग्री और संभवतः नया रेफ्रीजरेटर, फ्रीज़र, हीटिंग सिस्टम (या सिस्टम रिपेयर), डीह्यूमिडिफायर और/या विंडो एसी यूनिट प्राप्त हो सकते हैं। अन्य मुफ्त सेवाओं में एटिक तथा दीवारों का इंसुलेशन, वेदर-स्ट्रिपिंग तथा आपके पूरे घर में हवा की लीकेज की सीलिंग किया जाना शामिल हो सकता है। चाहे आपका घर बिजली, प्राकृतिक गैस, तेल, प्रोपेन, केरोसिन या लकड़ी से गर्म किया जाता हो, आपको ये सेवाएं उपलब्ध होती हैं। आप चाहे मकान मालिक, किराएदार, या 1-4 यूनिट के ऐसे भवन के मालिक हो जिनमें से न्यूनतम आधे यूनिट आय पात्र हों, ये सेवाएं उपलब्ध होती हैं। इन सेवाओं के बारे में जानने या आवेदन करने के लिए, अपनी स्थानीय सामुदायिक एजेंसी से संपर्क करें। 5 या अधिक यूनिट वाले ऐसे भवन जिनके कम से कम 50% निवासी आय-पात्र हों, उनके मालिकों को 617-348-6425 पर कॉल या leanmultifamily.orgपर आवेदन करना चाहिए।

अपनी स्थानीय सामुदायिक एजेंसी का पता लगाने के लिए, कृपया 866-537-7267पर कॉल करें, अपना ज़िप कोड दर्ज करें और विकल्प 2 चुनें। या, hedfuel.azurewebsites.net पर जाएँ।

अन्य संरक्षण

यूटीलिटी शट-ऑफ से संरक्षण

1. यदि 15 नवंबर से पहले किसी भुगतान न करने की स्थिति में पहले से ये सुविधा बंद न हो तो प्राकृतिक गैस व विद्युत यूटीलिटीज 15 नवंबर से लेकर 15 मार्च तक घर को गर्म रखने-संबंधी सेवा को बंद नहीं करेगी।

2. गंभीर बीमारी - यदि परिवार में कोई (वयस्क या बच्चा) गंभीर रूप से बीमार हो तो प्राकृतिक गैस व विद्युत यूटीलिटीज इस सेवा को बंद नहीं करेगी। दस्तावेज़ीकरण के लिए मेडिकल सर्टीफिकेशन और फाइनांशियल हार्डशिप फार्म को यूटीलिटी के पास प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

3. 12 माह से कम आयु का बच्चा—यदि घर में कोई 12 माह से कम आयु का हो तो प्राकृतिक गैस व विद्युत यूटीलिटीज इस सेवा को बंद नहीं करेगी। दस्तावेज़ीकरण के लिए जन्म सर्टीफिकेट और फाइनांशियल हार्डशिप फार्म को यूटीलिटी के पास प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

4. बुज़ुर्ग - यदि परिवार के सभी वयस्क सदस्य 65 वर्ष या अधिक उम्र के हैं तो प्राकृतिक गैस व विद्युत यूटीलिटीज, पब्लिक यूटीलिटीज विभाग से अनुमति लिए बिना सेवाओं को बंद नहीं करेगी।

अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने स्थानीय प्राकृतिक गैस और/या विद्युत यूटीलिटी या स्थानीय सामुदायिक एजेंसी से संपर्क करें।

घर गर्म करने में सहायक अन्य स्रोत

- आपातकालीन खाद्य एवं आश्रय कार्यक्रम (EFSP), जिसे बहुधा आपकी स्थानीय ईंधन सहायता एजेंसी द्वारा चलाया जाता है, आपके यूटीलिटी बिल के संबंध में संभवतः एक बार सहायता प्रदान कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया efsp.unitedway.org पर जाएँ।
- गुड नेबर एनर्जी फंड, ईंधन सहायता के लिए आय-योग्य न होने वाले लेकिन अस्थायी फाइनेंशियल संकट का सामना कर रहे लोगों को एक बार का अनुदान देता है। इस बारे में या किसी अन्य सहायता के लिए स्थानीय साल्वेशन आर्मी से संपर्क करें या 800-334-3047 (या 413 एरिया कोड में 800-262-1320) पर कॉल करें।
- कैथोलिक चैरिटीज़, दी यूनाइटेड वे, आपके शहर या कस्बे या अन्य लोकल संगठन भी आपकी सहायता कर सकते हैं।
- अन्य मैसाचुसेट्स सोशल सेवाओं पर अधिक जानकारी के लिए 211 पर डायल करें।

अपनी स्थानीय सामुदायिक एजेंसी का पता लगाने के लिए, कृपया 866-537-7267 पर कॉल करें या hedfuel.azurewebsites.net पर जाएँ।

mass save
Savings through energy efficiency

प्रायोजक:

BERKSHIRE GAS · BLACKSTONE GAS COMPANY · Cape Light Compact · Columbia Gas of Massachusetts (A NiSource Company) · EVERSOURCE · Liberty Utilities · nationalgrid (HERE WITH YOU. HERE FOR YOU.) · Unitil (energy for life)